# बीएचईएल ने डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू पुरस्कार 2019 जीता




**भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को विनिर्माण, प्रौद्योगिकी एवं उत्पादन, भारी एंड माध्यम इंजीनियरिंग श्रेणी में देश के विकास में योगदान के लिए डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू पुरस्कार 2019 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार डॉ. नलिन सिंघल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीएचईएल और श्री कमलेश दास, निदेशक (ई, आर एंड डी), बीएचईएल ने माननीय केंद्रीय मंत्री, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम, श्री अरविंद सावंत से नई दिल्ली में एक समारोह के दौरान प्राप्त किया।**